सोलारिस शालीमार का आवंटन लाटरी स्कीम के जरिए

कोलकाता, 18 अगस्त (नि.प्र.)। पूर्वी भारत की अग्रणी रियल इस्टेट कंपनी इडेन रियलटी ग्रुप ने हावड़ा में बन रही आवासीय परियोजना सोलारिस शालीमार के फ्लैटों का आवंटन लाटरी के जरिए करने का निर्णय लिया है। 2 और 3 बीएचके के 8 टावरों और 1500 फ्लैटों का आवंटन इस तरह किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 29 अगस्त है। सोलारिस शालीमार शालीमार रेलवे स्टेशन के करीब इस्प्लानेड से 15 मिनट की दूरी पर है। यह बीई कॉलेज शिवपुर और बोटानिकल गार्डेन के समीप है। यह नवान्न, विद्यासागर सेतु, टोलप्लाजा से सिर्फ 5 की दूसरी पर स्थित है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 40 मिनट, साल्टलेक सेक्टर-5 28 मिनट की दूरी पर है। यह प्रोजेक्ट डलहौजी, पार्क स्ट्रीट, कैमक स्ट्रीट, बड़ाबाजार, गरियाहाट से जुड़ा हुआ है। सोलारिस शालीमार में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रत्येक जी+12 टावर में अत्याधुनिक कमरे और पर्याप्त लॉबी हैं। यहां पर आउटडोर एक्टिविटीज, क्लब सरगम सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां 2 बीएचके 20.75 लाख तथा 3 बीएचके 31.95 लाख रुपये से शुरू हैं।